# करंट लगने से दो बहनों की मौत

## घर के बाहर बल्ब से रोशनी करने के दौरान हुआ हादसा

**सिविल लाइन थाना अंतर्गत बराकला गांव में करंट लगने से दो बहनों की मौत हो गयी। जिस समय यह घटना घटित हुई घर में कोई पुरुष नहीं था। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। घटना की जांच की जा रही है।**

सतना।



दोनों शवो को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। घटना शनिवार की शाम की बताई गई है। सिविल लाइन कोतवाली के टीआई योगेंद्र सिंह ने हरिभूमि को बताया कि गुलाबबाई दहायत एवं धर्मशीला दहायत अपने घर के बाहर होल्डर में बल्ब लगाते समय करंट की चपेट में आ गयी। दोनों ही महिलाओं की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी। परिजन दोनों महिलाओं को लेकर सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल पहुंचे तभी वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पंचनामा बनवाने के बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### दोनों बहने आई थी मायके

गुलाबबाई दहायत 50 वर्ष एवं धर्मशीला दहायत 55 वर्ष दोनों मायके आई हुईं थीं। शाम के वक्त घर के बाहर बल्ब लगाते समय जब प्लक रहित तार को लगा रही थी तभी करंट लग गया एक महिला को करंट लगते ही वह चिपक गई जब उसे दूसरी महिला छुड़ाने को पहुंची तो वह भी करंट की चपेट में आ गई। घटना के वक्त सिर्फ एक छोटी बच्ची घर पर थी। सूचना मिलने पर जब तक पड़ोसी घटना स्थल पर पहुंचकर लकड़ी से बिजली के तार को हटाकर महिलाओं को अलग करते तब तक उनके प्राण पखेरू उड़ गये थे। इस दुर्घटना की सूचना मृतिकाओं के परिजनों को दी गयी। जिस पर उन्होंने घर पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### युवक ने पिया जहर अस्पताल में भर्ती



**सतना।** सिविल लाईन थाना अंतर्गत अहिरगांव गॉव में एक व्यक्ति ने अज्ञात करणो से खेत में डालने वाली दवा पीली जिसके कारण उसकी तबीयत खराब हो गई और उससे सरदार वल्लभ भाई पटेल जिला अस्पताल लाया गया जहां पर उसका इलाज किया गया। युवक की तबीयत खतरे से बाहर बताई गई है। युवक ने अपना नाम प्रेम शंकर कुशवाहा बताया है उसने जहर पीने का कोई भी कारण फिलहाल नहीं बताया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### बच्चे नहीं कर रहे थे पढ़ाई, गुस्से में मां ने खाया जहर



**सतना।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत अमौधा सोहावल इलाके में एक महिला ने गुस्से में आकर चूहा मार दवाई खाली। उसे सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज किया जा रहा है। महिला की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। बताया जाता है कि महिला बच्चों को बार-बार पढ़ाई करने के लिए बोल रही थी लेकिन बच्चे नहीं सुन रहे थे। महिला ने पहले गुस्से में जाकर बच्चों की पिटाई की उसके बाद उसने चूहा मार दवा खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की। महिला के जहर खाते ही हड़कंप मच गया परिजनों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया जहां पर उसका इलाज किया गया।

### गणतंत्र दिवस आयोजन संबंधी बैठक आज

**सतना।** कलेक्टर अनुराग वर्मा की अध्यक्षता मे गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन के संबंध में बैठक 8 जनवरी को टीएल मीटिंग के पूर्व आयोजित की गई है। बैठक में प्रशासनिक, पुलिस और विभाग प्रमुख अधिकारी शामिल होंगे।

### युवा दिवस आयोजन की तैयारी बैठक आज

**सतना।** जिला शिक्षा अधिकारी नीरव दीक्षित ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस के अवसर पर युवा दिवस का आयोजन किया जाना है। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार युवा दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार आयोजित किया जायेगा। आयोजन की तैयारी के संबंध में 8 जनवरी को टीएल बैठक के पश्चात कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। जिसमें कार्यक्रम आयोजन की रुपरेखा पर चर्चा की जायेगी।

### मकर संक्रांति के मौके पर 11 से 15 जनवरी तक होंगी विविध गतिविधियां

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार राज्य शासन द्वारा पूरे प्रदेश में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 11 से 15 जनवरी तक पूरे सप्ताह भर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप यह कार्यक्रम युवाओं के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण केंद्रित आयोजित होंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पंचायत स्तर पर और स्थानीय निकायों द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं परंपरागत खेलों की प्रतियोगितायें भी आयोजित की जायेंगी।

### अतिक्रमण हटाकर निर्धारित रूप से मार्ग बनाने की मांग

**सिलौंडी।** रविवार को सिलौंडी में कलेक्टर अवि प्रसाद का आगमन हुआ। कलेक्टर ने कस्तूरबा गांधी की लाइब्रेरी का निरीक्षण किया एवं छात्रों से पढ़ाई के बारे चर्चा की।

## 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को

### 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' पर आयोजित होगी निबंध प्रतियोगिता

सतना।


निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को जिले से लेकर बूथ स्तर पर समारोहपूर्वक आयोजित किया जाएगा। इसके सिलसिले में महाविद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा वर्ष 2024 की निबंध प्रतियोगिता के लिए 'वोट जैसा कुछ नहीं,वोट जरूर डालेंगे हम' विषय निर्धारित किया गया है। जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता आयोजन की जिम्मेदारी प्राचार्य शासकीय स्वाशासी महाविद्यालय सतना की होगी। महाविद्यालय के प्राचार्य 'वोट जैसा कुछ नहीं,वोट जरूर डालेंगे हम' (शब्द सीमा 1000) विषय पर विद्यार्थियों के बीच निबंध प्रतियोगिता आयोजित करायेंगे। इसके विजेता विद्यार्थियों की प्रतियोगिता 15 जनवरी को जिला स्तर पर आयोजित होगी। इसमें प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

## सिंधी समाज के परिचय सम्मेलन में देश-विदेश के लोग हुए शामिल

### शादी के लिए एलईडी लगाकर दिखाया गया युवक-युवतियों का बायोडाटा








सतना।

रिश्तो में हो रही कठिनाई को देखते हुए रविवार को सतना में सेंट्रल सिंधी पंचायत और महाराष्ट्र की अखंड सिंधी सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सिंधी समाज के देश-विदेश के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान विवाह योग युवक युवतियों के एलईडी के जरिए बायोडाटा का प्रदर्शन किया गया। आपको बता दे की कार्यक्रम में कैलिफोर्निया अमेरिका और दुबई के अलावा देश के विभिन्न शहरों के युवक युवतियों और उनके परिजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। 275 विवाह योग युवक व्यक्ति अपने परिवार के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम के जरिए संस्था के पदाधिकारी ने दोनों पशुओं में समन्वय बनाने का आवश्यक प्रयास किया। यहां पर बातचीत के लिए केबिन भी बनाए गए थे। महत्वपूर्ण बात यह है कि यूट्यूब पर लिंक के जरिए कार्यक्रम देश-विदेश में लोगों ने घर बैठकर भी देखा। कार्यक्रम में रीवा, कटनी, सीधी, नागौद, मैहर, जैतवारा, टीकमगढ़, जबलपुर के सभी पंचायत के पदाधिकारी को भी आमंत्रित किया गया था। संस्था के अध्यक्ष मनोहर लाल वाधवानी,मनोहर लाल रतन, रूपेश बलेचा,दीपक सुखवानी,राजकुमार आहुजा, जितेंद्र शबनानी, इंद्रलाल कापड़ी किशोर बलेचा, महिला शाखा की अध्यक्ष ज्योति मनवानी,संरक्षक गंगा सुखवानी, संगीता सुखवानी, उपाध्यक्ष कनक चौधरी, महा मंत्री मीना कापड़ी, मंत्री शोभा और कोषाध्यक्ष मधु भभानी आदि उपस्थित रहीं।

## उद्घाटन मैच में जबलपुर ने मैहर को 3-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया

### बेहतर स्वास्थ्य के लिए खेलना आवश्यक : चतुर्वेदी



मैहर।

फेंटू क्लब के द्वारा आयोजित 8 दिवसीय अखिल भारतीय फुटबाल टूर्नामेंट का आज भव्य शुभारंम्भ बबलू मार्टिन क्लब मैहर एवं पुलिस ब्यॉज जबलपुर के बीच उद्घाटन मैच खेल कर किया गया। उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि मैहर के प्रथम विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी रहे जब कि अध्यक्षता नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा गीता सोनी रही। विशिष्ठ अतिथि के रूप रमेश पांडेय बम-बम महाराज,डॉक्टर केसी जैन,करूण पांडेय एचआर मैहर सीमेंट,पीके चौधरी युनिट हेड बिरला बिरला कारपोरेशन,अम्बिका संजीव बेरी संचालक आर्ट इचौल,शीतल नितिन ताम्रकार उपाध्यक्ष नपा,विश्वनाथ चौरसिया,ललिता सूर्यप्रकाश चौरसिया पार्षद वार्ड नं 5,रमापति गौतम,पूर्व नपा अध्यक्ष आरके सिंह,दिलीप त्रिपाठी उपस्थित रहे। फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां शारदा देवी की छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर पूजा अर्चना कर किया गया। वहीं अतिथियों का क्लब के सदस्यों के माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। रविवार को खेले गए उद्घाटन मैच में दोनो टीमें मध्यांतर बराबरी पर रही किंतु जैसे ही मध्यांतर के बाद खेल शुरू हुआ जबलपुर की टीम के खिलाड़ी आमिर ने गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिलादी। इसके बाद राजीव कुमार एवं निखिल सिंह ने 1-1 गोल दागकर अपनी टीम को 3-0 से विजयश्री दिला दी। टूर्नामेंट में केआर रविनंदन पिल्लई,शरद सिलावट,इमरान खान,विनोद केवट,आयुष शर्मा,विकास बरकडे,रोहित यादव ने रेफरी की सराहनीय भूमिका अदा की। अंत में क्लब के संरक्षक कोमलचंद जैन,सतविन्दर सिंह सरना,अम्बा लाल पटेल,छोटू मैनी ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के खेल प्रेमियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में खेल मैदान में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। सोमवार को शेरा क्रीड़ा समिति,रायपुर एवं एमएसबीएम मैहर के मध्य के अपरान्ह 2 बजे से खेला जाएगा।

## जरूरतमंद बालकों को संरक्षण प्रदान करने वाली संस्थाओं की करें जांच

# कलेक्टर ने दिये निर्देश

सतना।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत जिले में 0 से 18 वर्ष की आयु के बालकों की देखभाल एवं जरूरतमंद बालकों को संरक्षण प्रदान करने वाली संस्थाओं की जांच सर्वे के माध्यम से किए जाने के निर्देश दिए हैं।18 वर्ष आयु तक के जरूरतमंद बालकों एवं बेसहारा,परित्यक्त,घर से भागे हुए बाल भिक्षुक एवं अन्य शोषण के शिकार,सड़क पर रहने वाले बच्चों को संरक्षण प्रदान करने वाली अशासकीय संस्थाओं को किशोर न्याय अधिनियम की धारा 41 के तहत विधिवत पंजीयन प्राप्त करना चाहिए। यदि कोई संस्था बिना पंजीयन के यह कार्य करती है तो अधिनियम की धारा 42 के प्रावधानों के तहत उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने जिले के प्रत्येक अनुभाग में इस हेतु समिति का गठन भी किया है।जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बीईओ,सीडीपीओ तथा बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष या सदस्य को शामिल किया गया है।

**किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत**

कलेक्टर ने जिले में अभियान चलाकर इस समिति के माध्यम से ऐसी संस्थाओं की जांच करने के निर्देश दिए हैं। अनुभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में गठित यह समितियां की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला समिति को सीधे सौंपेगी। जिला स्तरीय समिति में एलडीएम,जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास,उपसंचालक सामाजिक न्याय,जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण को भी शामिल किया गया है। जिले में गठित अपर कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति निर्धारित बिंदुओं पर अपनी जांचकर अपंजीकृत संस्था या अवैध संस्था की रिपोर्ट कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करेगी। जांच के बिंदुओं में विदेशी सहायता की जानकारी, संस्था की पृष्ठभूमि,कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन,संस्था का फर्म एवं सोसायटी के तहत पंजीयन,भवन अनुज्ञा तथा धर्मांतरण की स्थिति की जांच जैसे बिंदु शामिल रहेंगे। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने संबंधित समितियों को जिले में ऐसी अपंजीकृत या अवैध रूप से संचालित संस्थाओं की जांच कर सर्वे रिपोर्ट और उनके क्षेत्र में कोई भी अपंजीकृत संस्था संचालित नहीं होने का प्रमाण-पत्र शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## राज्य सेवा मुख्य परीक्षा आज से 13 जनवरी तक

**सतना।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2022 का आयोजन 8 जनवरी से 13 जनवरी 2024 तक किया जा रहा है। सतना जिले में लोक सेवा आयोग की परीक्षा जिला मुख्यालय में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एक सत्र में आयोजित होगी। लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिये प्रो. डॉ बिपिन बिहारी ब्यौहार (मोबाइल नम्बर 7869917345) को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2022 में इलेक्ट्रानिक वस्तुओं के दुरूपयोग को रोकने जूते-मोजे,गर्म कपड़े,टोपी,मफलर आदि पहनकर केन्द्र में प्रवेश पर रोक लगाई गई है। लोक सेवा आयोग ने स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिये हैं कि शीतकाल में आयोजित हो रही परीक्षा में मानवीय दृष्टिकोण से मौसम की प्रतिकूलता को दृष्टिगत रखकर उचित निर्णय लेते हुये जूते-मोजे,गर्म कपड़े आदि की अनुमति प्रदान कर सकता है। बशर्ते कि इन वस्तुओं के साथ अभ्यर्थियों के परीक्षा कक्ष में प्रवेश से पूर्व फ्रिस्किंग की प्रक्रिया को सख्ती से लागू किया जाये। इसके अलावा महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग प्रक्रिया केवल महिला आरक्षक अथवा महिला अधिकारी द्वारा ही कराई जा सकेगी,ताकि कोई भी वर्जित वस्तु परीक्षा केन्द्र में नहीं लाई जा सके।

## तीन दिवसीय वॉलीबॉल का महाकुंभ 9 फरवरी से मैहर में

मैहर।

आदर्श वॉलीबॉल क्लब मैहर के तत्वाधान में आयोजित होने जा रहे एमपीबिरला कप अखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट के आयोजन के संबंध में आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,वरिष्ठ समाज सेवी डॉक्टर कैलाश जैन की अध्यक्षता में विश्वनाथ चौरसिया वरिष्ठ समाजसेवी,सुरेश तिवारी पूर्व जनपद अध्यक्ष,दिलीप त्रिपाठी अध्यक्ष एडवोकेट संघ मैहर, सूर्य प्रकाश चौरसिया,अरुण सिंह,समिति सदस्य महेश तिवारी के विशिष्ट अतिथि में नेहरू सेंचुरी सेंटर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मत से 9,10 एवं 11 फरवरी 2024 को स्थानीय खेल मैदान में आयोजित होगा। हमारे संवाददाता को क्लब के सचिव अरुण तनय मिश्रा ने बताया कि उक्त टूर्नामेंट में महिलावर्ग एवं पुरुषवर्ग की जानी मानी टीमे हिस्सा लेंगी। इस अवसर पर संरक्षक आर बाजपेई,नीरज गर्ग,श्रीराम पांडे,अध्यक्ष राम सिंह,दीपू तिवारी,बलराम गुप्ता,श्रीकांत पांडे,उपाध्यक्ष नीलू दरियानी,संदीप पांडे,राजू मिश्रा,अमित कुमार गौतम,ऋषिकेश पांडे,मनोज शुक्ला रोहित वीरेंद्र दहिया,अम्बुज गुप्ता,मंजू सर,सावन जायसवाल,जवाहर संतानी,दीपक सोनी,पी यल द्विवेदी,विजय मिश्रा,सत्य प्रकाश कुशवाह,सूर्यकांत द्विवेदी,लेखराज सिंह पत्रकार,अभिषेक सेन अश्विनी द्विवेदी,जाहिर मोहम्मद सहित काफी संख्या में क्लब के सदस्य एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### जैविक खेती नहीं अपनाई तों बंजर हो जाएगी जमीन

**गुनौर :** केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जैविक खेती को बढ़ावा देने अभियान के तहत ग्राम बसोरा एवं नचनोरा मे दिनांक 7 जनवरी 2024 को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी में बोलते हुए शिव शक्ति एग्रीटेक के वरिष्ठ कृषि अधिकारी बीपी यादव एवं वरिष्ठ कृषि अधिकारी विनोद द्विवेदी के द्वारा किसानों को जैविक खेती के बारे में जानकारी दी किसानों को संबोधित करते हुए यादव जी ने रासायनिक खेती से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया भूमि से मित्र कीट धीरे-धीरे रासायनिक खाद डालने से नष्ट होते जा रहे हैं जिससे भूमि की उर्वरता शक्ति नष्ट होती जा रही है इसीलिए सभी किसान भाइयों को बताया कि जैविक खेती अपनाएं क्यों कि इसी से पर्यावरण संतुलित रह सकता है और पर्यावरण को बचाने के लिए सभी किसान भाई अपने खेतों में या खेत की मैड पर सागवान और महोगनी के पेड़ भी लगा सकते हैं जिससे आने वाले समय में बहुत अधिक लाभ होगा शिवाशक्ति एग्रीटेक के जैविक उत्पाद का ज्यादा से ज्यादा उपयोग कर ज्यादा लाभ कमा सकते हैं इस मौके पर कंपनी के कर्मचारी राजेंद्र सिंह परमार एवं शिव प्रसाद कुशवाहा किसान रघुवीर सिंह ब्रह्मानंद उपाध्याय कोमल सिंह आदि लोगों उपस्थित रहे

### अमानगंज में निकाला गया पथ संचलन



**अमानगंज।** नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महाविद्यालयीन विद्यार्थी स्वयंसेवकों का आज परंपरागत पथ संचलन का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नगर के सभी स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण हुआ और फिर इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्रवण जी द्वारा बौद्धिक विचार देते हुए बताया गया कि संघ की स्थापना राष्ट्रभक्ति के ध्येय को लेकर हुई थी डॉक्टर हेडगेवार जी के मार्गदर्शन में यह संघ आज सारे देश में मजबूती के साथ अपनी सनातन संस्कृति एवं हिंदू धर्म को लेकर चल रहा है। हम सबको इसी परंपरा को आगे बनाए रखना है और जो निर्देश और कर्तव्य हमें सौंपे गए हैं उसका पूरी सजगता के साथ हमें पालन करना है। इसके बाद शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से पथ संचलन आरंभ हुआ जो अस्पताल चौराहा, नया बस स्टैंड, मटकी चौराहा, आसमानी माता मंदिर से होते हुए गांधी चौराहा से होकर वापस शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम स्थल पर संचलन का समापन हुआ।

### पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह का भव्य स्वागत



**पन्ना।** पूर्व मंत्री पन्ना विधानसभा के विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह अजयगढ़ क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे जहां ग्रामीण क्षेत्र व अजयगढ़ नगर वासियों ने अपने लाडले विधायक का भव्य स्वागत किया। कहीं तुला दान तो कहीं माल्यार्पण वहीं यह स्वागत कर्म का फल परिणित हुआ है। विकास पुरूष की उपाधि के साथ बृजेन्द्र प्रताप सिंह की कार्यशैली विकास को लेकर जहां संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में प्रख्यात हो चुकी है जिसका परिणाम आज उन्हें अपनी कर्म भूमि में कर्म फल के रूप में लोग स्वागत के लिये इंतजार करते हुये उन्हें तुलादान व माल्यार्पण से करते हुये नजर आये। क्षेत्र के विकास को लेकर जहां जनहित को प्रमुखता से ध्यान में रखते हुये बड़े कार्यों की सौगात को लेकर संपूर्ण विधानसभा में जाने गये। आपके द्वारा किये गये कार्य जो सदैव जाने जायेंगे उसका प्रतिफल अपने चहेते जनप्रतिनिधि के रूप में कार्यकर्ता व आम जनता इन्हें सम्मान से नवाजती है।

# नगर में शुरू हुआ पहला मल्टीस्पेशिलिटी अस्पताल

## नपाध्यक्ष ने फीता काटकर किया शुभारंभ

### इसी दौरान डीटी हॉस्पिटल में विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर संपन्न

शहर में आज बहुप्रतिक्षित मल्टीस्पेशिलिटी अस्पताल का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में सैंकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। रविवार को आयोजित इस विशाल मेडिकल कैम्प की कई दिनों से तैयारियां की गई थी।






पन्ना।

सतना रोड़ एस्सार पेट्रोल पम्प के पास स्थित डीटी हॉस्पिटल पन्ना में देश भर के नामी चिकित्सकों ने लोगों का उपचार किया। कैम्प के साथ ही अस्पताल का उद्घाटन समारोह भी आयोजित किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति मीना पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इनके साथ ही नगर पालिका उपाध्यक्ष आशा गुप्ता, डा. व्ही.एस. उपाध्याय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पन्ना, डा. मोदी, डा. महेश गुप्ता एवं स्पेश कंसलटेंसी नई दिल्ली के संचालक डा. सुरेन्द्र कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहे। जन विकास संस्था के संचालक डा. एम आरिफ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सभी अतिथियों ने मिलकर अस्पताल के मुख्य भवन का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मीना पाण्डेय ने इस अस्पताल को मिले के लिए बड़ी उपलब्धी बताया। उन्होंने कहा कि पन्ना में हमेशा से मल्टीस्पेशिलिटी अस्पताल की जरूरत रही है। लोगों को उपचार के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा, पन्ना में ही उन्हें बेहरत उपचार मिल सकेगा। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन के लिए उन्नति की कामना की और शुभकामनाएं दीं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. व्हीएस उपाध्यक्ष ने अस्पताल के शुभारंभ एवं स्वास्थ्य शिविर के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि पन्ना में इस तरह का प्रयास सराहनीय है। स्वास्थ्य सेवाओं के बढ़ने से लोगों को राहत मिलेगी और पन्ना में उपचार के नए विकल्प मिल सकेंगे। डा. मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि पन्ना शहर को इस अस्पातल की बेहद जरूरत थी। डा. महेश गुप्ता ने कहा कि इस नवीन अस्पताल में लोगों को अब बेहरत उपचार मिल सकेगा। उन्होंने इसके लिए प्रबंधन को बधाई दी। सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गुप्ता केसरवानी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि पन्ना में मल्टी स्पेशिलिटी अस्पताल किसी सपने से कम नहीं है। इस अस्पताल की नींव रखने वाले लोगों को शुभकामनाएं। नगर पालिका उपाध्यक्ष आशा गुप्ता ने भी अस्तापल प्रबंधन को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। स्पेश कंसलटेंसी नई दिल्ली के संचालक डा. सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि हमें इस अस्पताल के प्रबंधन का दायित्व सौंपा गया है। इसे बेतरह ढंग से पूरा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि देश भर में उनकी संस्था कई अस्पतालों का संचालन कर रही है, डीटी अस्पताल में अब उनकी सेवाएं शुरू हो रहीं है। कार्यक्रम के अंत में जन अधिकार संस्था के संचालक एम. आरिफ सिद्दीकी ने सभी का आभार जताया और सहयोग की अपेक्षा की। कार्यक्रम का संचालन मुकेश खरे द्वारा किया गया।

### 250 से अधिक लोगों का हुआ उपचार

डीटी हॉस्पिलट में आयोजित हुए स्वास्थ्य कैम्प में डा. उत्र्कष त्रिपाठी एमडी मेडिशन, डा. सुरेन्द्र कुमार लेप्रोस्कोपिक सर्जन, डा. अलोक भारती न्यूरोसर्जन, डा. उत्तरा गुप्ता प्रसूतिशास्त्री, डा. हिमांशु गुप्ता हदय रोग विशेषज्ञ, डा. आमिर मसूद फैमली मेडिसन, डा. पुष्पेन्द्र सिंह किडनी स्पेशिलिस्ट, डा. आनंद गुप्ता लेजर एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन, डा. अंकिता गुप्ता स्त्री रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहे। जिन्होंने मरीजों का उपचार किया। शिविर में 113 मरीजों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया था, इसके अलावा 150 मरीज ने सीधे शिविर में पहुंचकर लाभ लिया। इस तरह करीब 250 से अधिक मरीजों का उपचार शिविर के दौरान किया गया।

### पन्ना के लिए बड़ी उपलब्धी, मिलेगी बेतहर सुविधाएं

कार्यकम के दौरान अस्पताल प्रबंधन की ओर से व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए मनोज खरे ने बताया कि अस्पताल अपने मूल उद्देश्य मानव सेवा के लिए हमेशा संकल्पित रहेगा। इस अस्पताल की नींव सामाजिक संस्था जन विकास संस्था पन्ना द्वारा रखी गई। जिसके संचालन की जिम्मेदारी स्पेश कंस्लटेंसी नई दिल्ली को सौंपी गई है। अस्पताल में अत्यधुनिक सुविधाओं और तकनीक का उपयोग कर पन्ना में महानगरों की तरह बेहतर चिकित्सा सेवाएं दी जा सकेंगे। डीटी हॉस्पिटल में लोगों को सामान्य वैंन्टीलेटर के साथ मोबाइल वैन्टीलेटर की सुविधा मिलेगा। हम सब जानते हैं कि पन्ना से किसी मरीज को बाहर ले जाने में सबसे ज्यादा दिक्कत होती है, ऐसे में मरीजों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए यह वैंटीलेटर बेहद कारगर होगा। एम्बुलेंस में वैंटीलेटर के साथ डाक्टर उपलब्ध कराया जायेगा, ताकि रास्ते का जोखिम खत्म हो और मरीज सुरक्षित बड़े मेडिकल संस्थानों तक पहुंच सके। हॉस्पिटल में अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, जैसे सी-आर्म मशीन, सोनोग्राफ, डिजिटल एक्स-रे, कलर डॉपलर आदि। सी-आर्म जैसी अत्याधुनिक मशीन के माध्यम से रिएल टाइम एक्सरे इमेज मिलतीं है, जो न्यूरो-आर्थो एवं जरनल माईक्रो सर्जरी में बेहद मददगार होता है। अस्पताल में स्त्री रोग विभाग, सर्जरी विभाग, न्यरोलॉजी विभाग, अस्थि रोग विभाग, पैथालॉजी विभाग के साथ स्मार्ट आईसीयू, यूरो सर्जरी, लेजर एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, नोर्मल व सिजेरियन डिलेवरी, ऑर्थो ट्रामा, अत्याधुनिक इमरजेंसी वार्ड, इन-डोर मेडिकल स्टोर है। अस्पताल में पैरा मेडिकल स्टाफ के साथ डाक्टरों की उपलब्धता 24 घंटे रहेगी। देश में गरीबों के लिए बेहरत उपचान की सुविधा के लिए केन्द्र सरकार ने आयुष्मान योजना लागू की है। लेकिन पन्ना में मल्टीस्पेशिलिटी अस्पताल न होने से गरीबों को बेहतर उपचार नहीं मिल पा रहा था। हमारा प्रयास रहेगा कि जल्द से जल्द डीटी हॉस्पिटल भी आयुष्मान योजना के लिए लिस्ट हो जाए। इसके लिए राष्ट्रीय मानकों को हम पूरा कर एन.ए.बी.एच. इक्रिडेशन प्राप्त करें और गरीबों को भी यहां बेहतर उपचार दिला सकें। डीटी हॉस्पिटल में जल्द ही बीमा कम्पनियों के साथ अनुबंध किया जायेगा, ताकि पन्ना के लोगों को अस्पताल में कैशलेश बीमा सुविधा का लाभ मिल सके।

# गायत्री परिवार पन्ना के द्वारा किया गया गोष्ठी का आयोजन





### हम बदलेंगे युग बदलेगा हम सुधरेंगे युग सुधरेगा यह स्लोगन जीवन व राष्ट्र निर्माण को लेकर स्वयं प्रेरित कर रहा

पन्ना।

गायत्री तीर्थ शांति कुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार पन्ना द्वारा जहां ग्राम तीर्थ यात्रा को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, वर्तमान समय में जहां संपूर्ण देश अयोध्या नगरी की तरफ प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा व राम मंदिर को ध्यान में रखकर उत्साहित है जिसके चलते ग्राम तीर्थ यात्रा गायत्री परिवार पन्ना द्वारा जो समय निश्चित किया गया था उसको आगे तय करने के लिये समय निर्धारण की बात कही वहीं ग्राम तीर्थ यात्रा के आयोजन को लेकर भावी भविष्य की रूपरेखा जरूर सामने आई।

वर्तमान समय में जहां राष्ट्र के निर्माण को लेकर बुद्धिजीवियों तथा साधु संतों सभी की कर्मभूमि को लेकर लक्ष्य के साथ देश को लेकर आगे चलने की दिशा तय की जा रही है। यह समय स्वर्णिम समय को लेकर माना जा रहा है सबसे विशेष व गौरव की बात जहां आने वाली 22 जनवरी जो हमारे देश के लिये जिसका इंतजार था वह दिन आ गया। प्रभु मर्यादा पुरूषोत्तम राम की प्राण प्रतिष्ठा जहां उनकी नगरी अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण के बाद होने जा रही है। जहां संपूर्ण देश की निगाहें लगी हुई है। इसी दौरान राष्ट्र निर्माण को लेकर गायत्री तीर्थ शांति कुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार पन्ना के द्वारा मात्र शक्ति अखण्ड दीप जन्म सताब्दी श्र0 संवर्धन उपयात्रा ग्राम तीर्थ यात्रा के रूप में परम वन्दनीय माता जी एवं अखण्ड दीप जन सताब्दी वर्ष वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में निश्चित की गई है। जिसकी तैयारियों को लेकर गायत्री परिवार पन्ना द्वारा गायत्री मंदिर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें भावी कार्यक्रमों के बारे में चर्चायें की गई वहीं वर्तमान समय में जीवन में सफलता प्राप्त करने को लेकर प्रत्येक व्यक्ति का अपना एक लक्ष्य व एक उद्देश्य होना जिस तरह से आवश्यक होता है सबसे पहले अपने जीवन में लक्ष्य का उद्देश्य निर्धारण करते हुये जहां आगे जीवन में क्या तय करना है उसको लेकर चलना माना जाता है इसी तरह अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्धार के मार्गदर्शन में ग्राम तीर्थ यात्रा को लेकर लक्ष्य तय किया गया है। जिसके प्रमुख कार्यक्रम सबसे पहला गायत्री मंत्र एवं महा मृत्युंजय मंत्र का ब्रम्हास्त्र अनुष्ठान, स्वाबलंबन, कृषि प्रबंधन, गौपालन एवं प्रबंधन, स्वास्थ्य संरक्षण, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, व्यसन मुक्ति तथा कुरीति उनमूलन, सामुहिक श्रम दान क्षेत्र की आवश्यकता अनुसार अन्य निर्धारण इस तरह से जहां प्रमुख रूप से कार्यक्रम में जो गांव-गांव तक प्रमुख रूप से पहले पंचायत स्तर पर यात्रा के माध्यम से इन महत्वपूर्ण बिन्दुओं को लेकर आम आदमी के जीवन में मूल्य निष्ठ जीवन की परिकल्पना को ध्यान में रखते हुये हम बदलेंगे, युग बदलेगा, हम सुधरेंगे, युग सुधरेगा इस स्लोगन को ध्यान में रखते हुये कर्म रूप में परिणित करते हुये स्वयं के जीवन को सफल दिशा देते हुये राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देने के लिये जाने जायेंगे। इस तरह से गायत्री परिवार पन्ना में सफल गोष्ठी का आयोजन किया गया आगे समय ग्राम तीर्थ यात्रा का निश्चित होगा जिसके माध्यम से पंचायत स्तर तक व गांव स्तर का लक्ष्य लेकर देश के निर्माण में जीवन का लक्ष्य लेकर दिशा तय होगी। इस गोष्ठी में जहां गायत्री परिवार के प्रमुख रूप से एल.डी. सिंह जी, बुद्ध सिंह सर वहीं मनोज गुप्ता, तरूण पाठक, राजनारायण सिंह जी वहीं गोष्ठी में प्राणवायु के रूप में वृक्षों को लगाने का लक्ष्य को लिये हुये खेर माता में रहने वाले संत जी तथा मीडिया से कई प्रमुख साथी वहीं मातायें व बहनें उपस्थित रहीं। गायत्री परिवार के गुप्ता के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा आवासीय प्रशिक्षण का लिया गया जायजा

गुनौर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं जिला स्वास्थ्य समिति पन्ना के मार्गदर्शन में धरती ग्रामोत्थान एवं सहभागी ग्रामीण विकास समिति के सहयोग से राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत आशा, आशा सुपरवाइजर का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किशोरों में हो रहे शाशीरिक , मानसिक, भावनात्मक परिवर्तनों के प्रति जागरूकता के साथ साथ मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर, सकल प्रजनन दर में कमी लाना है। साथ ही 6 विषयों पर प्रषिक्षण के साथ साथ साथिया चयन



,क्लस्टर बैठक एवं ब्रिगेड गठन को गुणवत्ता पूर्ण करने हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा। खण्ड चिकत्सा अधिकारी डॉक्टर अमित मिश्रा, बी पी एम रविन्द्र त्रिपाठी , बी सी एम संजय त्रिपाठी द्वारा प्रशिक्षण की गुणवत्ता का अवलोकन किया गया सभी प्रतिभागियों को निर्देशित किया गया की सभी विषय को ध्यान से समझे व ग्राम स्तर पर साथिया किशोर एवं किशोरियों को जागरूक करें।कार्यक्रम समन्वयक पुष्पेंद्र मिश्रा द्वारा सभी आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान परामर्शदता विवेक सिंह व मेंटर्स हरिनारायण , जीतेंद्र सिंह, दशरथ अमर ज्योति साधना, कल्पना उपस्थित रहे ।



# विधायक द्वारा कराया गया निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**गुनौर –** पन्ना जिले की गुनौर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुनौर में क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश वर्मा द्वारा विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कराया गया जिसमें भारी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र से लोगों ने आकर शिविर का लाभ उठाया वही शिविर में विशेषज्ञों द्वारा आए हुए मरीजों की , जांच कर उन्हें उचित सलाह दी एवं गंभीर मरीज को उपचार हेतु भोपाल के लिए भेजा जा रहा है आपको बता दे की क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश वर्मा की इस पहल से एक ओर लोगों में खुशी देखी जा रही है तो वहीं दूसरी तरफ लोग क्षेत्रीय विधायक की जमकर तारीफ करते देखे गएशिविर के दौरान भोपाल से आए विशेषज्ञ एवं गुनौर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित मिश्रा, मेडिकल ऑफिसर डॉ आशीष तिवारी, बीपीएम रविंद्र त्रिपाठी,बीसीएम संजय त्रिपाठी ,भाजपा जिलाउपाध्य सुशील त्रिपाठी, भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र अवधिया, रामनारायण दाहिया, अंगद प्रजापति,भाजपा सहित सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रवासी एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर में मीडिया एडवोकेसी कार्यशाला का किया गया आयोजन

देवेंद्रनगर।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर में डॉक्टर अभिषेक जैन मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में मीडिया कर्मियों की कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें शासन द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ विभाग की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचे तथा सभी लोग इन योजनाओं के फायदा उठा सकें इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्र नगर में मीडिया एडवोकेसी कार्यशाला का आयोजन किया गया शासकीय सुविधाऐं जन समुदाय को प्रदान करने पर चर्चाएं की गई डॉ जैन द्वारा बताया गया कि 10 फरवरी से 23 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है ब्लॉक देवेंद्र नगर अंतर्गत 193204 लक्षयित जनसंख्या में एल्बेंडाजोल डीईसी एवं इवरमेक्टिन दबाई खिलाई जानी है इस कार्यक्रम में लगभग 700 दवा वितरक एवं 80 सुपरवाइजर लगाए गए हैं इस कार्यक्रम में 10,11 एवं 12 तारीख को स्कूलों में दवाई खिलाई जाएगी एवं अगले पांच दिवस घर-घर दवाई खिलाई जाएगी और तीन दिवस छूटे हुए व्यक्तियों को दवाई खिलाई जाएगी श्री कमलेश प्रजापति एमटीएस सीएचसी देवेंद्रनगर द्वारा बताया गया आमतौर पर फाइलेरिया का संकरण बचपन में ही हो जाता है लेकिन कई सालों तक इनके लक्षण स्पष्ट



रूप से दिखाई नहीं देते है हालांकि रोग को प्रारंभिक अवस्था में बुखार बदन में खुजली और पुरुषों के जननांग और उनके आसपास दर्द या सूजन की समस्या होती है इसके अलावा पैरों और हाथों में सूजन होती है हाइड्रोसील भी फाइलेरिया के लक्षण है महिलाओं में स्तनों में होती है फाइलेरिया से बचाव इस बीमारी का कारगर इलाज नहीं है इसकी रोकथाम ही इसका समाधान है इस रोग से बचाव के लिए दवा अनिवार्यता लेने की जरूरत है जो सुरक्षित भी है फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है इसलिए बेहतर है कि मच्छरों से बचाव किया जाए इसके लिए घर के आसपास घर अंदर वाहर साफ सफाई रखें आसपास पानी जमाना होने दें समय पर कीटनाशक दवा का छिड़काव करते रहे घर में मच्छर भगाने वाली लिक्विड दावों का उपयोग करें और पूरी बाह के कपड़े पहने सोते वक्त हाथ पैरों पर एवं अन्य खुले स्थानों पर सरसों या नीम का तेल लगाना चाहिए फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है फाइलेरिया न सिर्फ व्यक्ति को विकलांग बना देती है बल्कि इससे मरीज की मानसिक स्थिति पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है अगर समय पर मलेरिया की पहचान कर ली जाए तो जल्द इलाज शुरू किया जा सकता है और मरीज के स्वस्थ होने की संभावना भी अधिक होती है डॉ जैन द्वारा बताया गया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के कैंप जगह-जगह पर लगाए जा रहे हैं एवं कैंप के दौरान आम जन को आयुष्मान भारत योजना के बारे में बताया गया आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं द जननी सुरक्षा योजना जेएसवाय और पी एस वाय के बारे में चर्चाएं की गई लोगों से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा आभा आईडी कार्ड बनवावे जिसमें हमारे स्वास्थ्य कर्मचारी आपकी सहायता करेंगे आम जनों से शासन की उक्त सुविधाओं का लाभ उठाने हेतु अपील की गई सभी लोग शासन की सुविधा का लाभ उठावे एवं स्वस्थ रहे उक्त कार्यशाला में गुड्डे जैन,प्रशांत जैन,अंकित गुप्ता,रविकांत, गौरीशंकर कुशवाहा शैलेश अग्रवाल रमेश अग्रवाल छोटे जैन शुभम श्रीवास्तव सुधीर अग्रवाल विजय व्यास विनोद गुप्ता विवेक खरे आर पी विश्वकर्मा रामेश्वर गुप्ता आशीष जैन आमिर,प्रियव्रत,विवेक खरे वीरेंद्र,आदि समस्त पत्रकार बंधु एवं श्री अमोल मानके एवं देवेंद्रनगर अस्पताल का स्टाफ उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### रेल्वे पुल के पास गड्ढे में गिरी महिला, मौत

**छतरपुर।** बीते रोज उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद से छतरपुर जिले के बमीठा थाना क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पर अपने परिवार के साथ दर्शन करने आई एक महिला ट्रेन से उतरने के बाद रेल्वे पुल के पास मौजूद गड्ढे में गिर गई और उसकी मौत हो गई। गाजियाबाद निवासी ओमप्रकाश शुक्ला उम्र 67 वर्ष ने बताया कि वह बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ा में स्थित धार्मिक स्थल के दर्शन करने के लिए अपनी पत्नी राजकुमारी शुक्ला 65 वर्ष, मनोज शुक्ला उम्र 36 वर्ष और शिवांश शुक्ला उम्र 6 वर्ष के साथ ट्रेन से आया था। ग्राम गढ़ा के पुल के पास जब ट्रेन रुकी तो सभी लोग नीचे उतरे और सड़क मार्ग की ओर बढने लगे। इसी दौरान राजकुमारी रेल्वे पुल के पास मौजूद एक गड्ढे में गिरकर घायल हो गई। परिजनों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाई और राजकुमारी को गड्ढे से निकालकर जिला अस्पताल लाये, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद राजकुमारी को मृत घोषित कर दिया।


### प्रशासनिक अमले ने जेसीबी से हटवाया अतिक्रमण, दी चेतावनी

**छतरपुर।** रविवार को प्रशासनिक अमले द्वारा जिला मुख्यालय की कृषि उपज मंडी में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। प्रशासनिक टीम ने कार्यवाही के दौरान बिना अनुबंध के दुकानों पर कब्जा करने वालों का जेसीबी चलवाकर अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान प्रशासनिक अमले के साथ नगर पालिका की टीम और पुलिस बल भी मौजूद रहा। मंडी सचिव संतोष नागर ने बताया कि वर्ष 2019 में कोरोना काल के समय जिला प्रशासन ने सब्जी व्यापारियों को मंडी की दुकानों का आवंटन किया था लेकिन उक्त व्यापारियों ने अनुबंध नहीं कराया तथा बिना अनुबंध के मंडी की दो से तीन दुकानों पर कब्जा जमा लिया था। पूर्व में एक दर्जन से अधिक बार नोटिस जारी कर अनुबंध कराने के लिए दुकानदारों को निर्देशित किया गया दुकानदारों ने निर्देशों का पालन नहीं किया। श्री नागर ने बताया कि आज मंडी की 23 दुकानों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। अतिक्रमण से मुक्त कराई गई दुकानों का नियमानुसार आबंटन किया जाएगा। जिन दुकानदारों पर कार्यवाही हुई उनमें ज्यादातर सब्जी व्यापारी थे। अतिक्रमण हटाने के बाद संबंधित दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि यदि उनके द्वारा भविष्य में पुनः अतिक्रमण किया गया तो उन पर और अधिक सख्त कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार, मंडी प्रबंधन के अधिकारी-कर्मचारी, नगर पालिका का अमला और पुलिस बल मौजूद रहा।

# थाना प्रभारी पुष्पेंद्र यादव ने आरोपी पक्ष से लिए पैसे, उल्टा पीड़ित पक्ष को ही धमका रहे?

**पीड़ित किसान का जमीनी विवाद के चलते गांव के व्यक्ति ने जला दिया था डीजल पंप, सटक**

थाना अंतर्गत ग्राम ककरदा निवासी धनीराम पिता फुल्ला अहिरवार उम्र 50 वर्ष किसानी का काम करता है। बिगत 1नंबर 2023 को करीब 5:00 बजे खेती का डीजल पंप और सटको में आग लगा दी थी, 2 नंबर को कुंए पर जब गया, तो डीजल पंप और सटकें जली मिलीं।





मातगुवां।

पीड़ित किसान को जमीनी विवाद के चलते गांव के ही व्यक्ति के उपर शंका हुई और थाने जाकर लिखित शिकायत हरिदास साहू की थाने में कार्यवाही के लिए कर दी।

पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाए कि आवेदन पर पुलिस ने हरिदास साहू को थाने बुलवाया और कार्यवाही के नाम पर20000 लेने के बाद पुलिस द्वारा पीड़ित पक्ष में को दमकाया गया। पीड़ित पक्ष का आरोप की थानेदार ने गाली गलौज कर कहा कि बह बड़ा आदमी है, उसकी शिकायत मत कर वापस घर लौट जाओ। पीड़ित किसान धनीराम अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा लगभग 5 एकड़ का पट्टा खेती किसानी के लिए दिया गया था। जिसमें मै परिवार सहित करीब 30 साल से खेती कर रहा हूं। इस साल गांव का ही रहने वाला हरिदास साहू पैसे वाला व्यक्ति है, और उसने इस साल मेरी जमीन छुड़ा ली और कहा कि अब तुम इस जमीन पर खेती नहीं करेगा। और खेत पर रखा करीब 1 लाख की कीमत का डीजल पंप, सटके और टपरिया में आग लगा दी। और कहां कि तू आज के बाद खेत पर नहीं आएगा। जब मैं सुबह खेत पर गया तो मैंने देखा डीजल पंप और सटके जली हुई थीं, तभी रास्ते में हरिदास साहू मिल गया उसने मेरे साथ गाली गलौच करने के बाद डंडों से मारपीट की। मै गरीब किसान हूं, और पट्टी की जमीन से अपने घर का जीवन निर्वाह होता था, वह भी छिन गया।

पुलिस अधीक्षक, कलेक्टर छतरपुर को पीड़ित किसान धनीराम अहिरवार ने 5 नवंबर 2023 को लिखित शिकायत की थी। आवेदन में बताया गया था कि जब से हरिदास साहू की शिकायत मातगुवां थाने में की है, तभी से खुलेआम गांव में गाली गलौज गंदी-गंदी गालियां देता, और मारपीट भी कर दी है। जिसकी शिकायत मातगुवां थाने में करने के बाद कोई कार्यवाही नही की गई। पीड़ित ने बताया कि साहू द्वारा गांव में कहा जाता है कि थाने में20000 देकर आया हूं, अब तू नहीं बचेगा, तू या तो गांव खाली कर दे नही तो कहीं और परिवार सहित भाग ले। सभी जगह शिकायत करने के बाद भी आज तक कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई।

#### इनका कहना है

जानकारी मिली है, मै एसडीएम बिजावर से कार्यवाही के लिए बोलता हूं।

**संदीप जीआर.**
**कलेक्टर, छतरपुर**

आपके द्वारा जानकारी मिली है, मैं आवेदन को दिखवा कर कार्यवाही करवाता हूं।

**अमित सांघी**
**पुलिस अधीक्षक, छतरपुर**

# 68 वें मेला महोत्सव के तहत अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का चल रहा आयोजन



### छठवें दिन खेला गया पूल ए का पहला सेमीफाइनल मुकाबला

नौगांव।

शहर के राजा यादवेन्द्र सिंह स्टेडियम में नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित होने वाले 68वें मेला महोत्सव के तहत अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार की सुबह पूल ए के सेमीफाइनल मुकाबले में नोएडा ने दिल्ली को हराकर फाइनल में किया प्रवेश किया। तो दिन का दूसरा एवं पूल बी का पहला मुकाबला ग्रेटर नोएडा और हरियाणा के मध्य खेला गया। जिसमें ग्रेटर नोएडा ने जीत के साथ शुरुआत की है।

नगर पालिका परिषद द्वारा राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम के टर्फ विकेट पर 68 वें मेला महोत्सव के तहत आयोजित किये जा रहे अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के क्रीड़ा सभापति ताहिर मंसूरी और मीडिया प्रभारी अभिषेक टीनू पटैरिया ने बताया कि रविवार की सुबह से पूल ए का पहला सेमीफाइनल मुकाबला नोएडा और दिल्ली के मध्य खेला गया। नोएडा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने करते हुए दिल्ली को बल्लेबाजी करने का आमंत्रण दिया। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 120 रन बनाए। जिसमें दिल्ली की शुरुआत काफी ख़राब रही और दिल्ली ने महज़ अपने शुरुआती 20 रन पर ही महत्वपूर्ण 04 विकेट गंवा दिए। बल्लेबाजी करने आए कप्तान नमन शर्मा और विशाल कुशवाहा की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत दिल्ली ने निर्धारित 20 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 120 रन बनाए। जिसमें नमन शर्मा ने 48 और विशाल कुशवाहा ने 45 रन बनाए। नोएडा से क्षेत्ररक्षण करते हुए अंकित नागर (8 नंबर जर्शी) ओर अंकित नागर (10 नंबर जर्शी) ने अपनी टीम के लिए 03,03 विकेट और अभय चौहान ने 02 विकेट लिए। बाद में लक्ष्य का पीछा करने उतरी नोएडा ने 19.3 ओवर में 05 विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य को प्राप्त कर फाइनल में प्रवेश कर लिया।नोएडा से बल्लेबाजी करते हुए सुमित गोली ने शानदार 38, अभय चौहान ने 25, और पुलकित शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 41 रन बनाए तो वहीं दिल्ली से गेंदबाजी करते हुए अंकुश सिंघल एक ऐसे गेंदबाज रहे जिन्होंने 04 ओवर में 18 रन देकर 02 विकेट लिए। नोएडा ने इस जीत के साथ 13 जनवरी को होने वाले फाइनल मुकाबले में प्रवेश एक लिया।

रविवार को दूसरा मैच पूल बी से हरियाणा और ग्रेटर नोएडा के मध्य खेला गया। जिसमें ग्रेटर नोएडा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्रेटर नोएडा ने निर्धारित 15 ओवर में 06 विकेट पर 129 रन बनाए और हरियाणा को जीत के लिए 130 रनों का लक्ष्य दिया। बल्लेबाजी करते हुए ग्रेटर नोएडा की ओर से मोनू शुक्ला ने सर्वाधिक 48, प्रतीक ने 16 और मोहित तनवार ने 15 रन बनाए तो वहीं हरियाणा से गेंदबाजी करते हुए आदित्य लाल ने अपनी टीम के लिए 02 विकेट और अर्पित और अर्श ने एक एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा 14.03 ओवर में 10 विकेट पर मात्र 196 रन ही बना सकी और ग्रेटर नोएडा ने इस मैच को बड़ी ही आसानी से 35 रनों से जीत लिया। हरियाणा की ओर से समीर चौधरी ने 43 और अंकुर मलिक ने 13 रन बनाए, इन बल्लेबाजों को छोड़कर टीम का कोई भी बल्लेबाज दो अंकों के स्कोर तक नहीं पहुंच पाया। पहले खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में मेन आफ द मैच रहे पुलकित शर्मा तो वहीं दूसरे पूल बी से पहले मुकाबले में मेन आफ द मैच रहे मोनू शुक्ला। रविवार को खेले गए मैचों में निर्णायक भूमिका में अंपायर प्रतीक सन्नो सक्सेना,राजू नामदेव रहे तो वहीं दूसरे मैच में नितिन तिवारी और अमित बिछोले रहे। कमेंट्रेटर की भूमिका में जय कुमार दुबे, सुशील कुमार वैद्य, मनोज कुशवाहा, कलीम खां और अरशद इकबाल रहे तो स्कोरर की भूमिका जावेद आलम और अर्पित नायक रहे।

क्रीड़ा प्रभारी ताहिर मंसूरी और सचिव अखंड प्रताप राय ने बताया कि आज सोमवार को दो मैच खेले जाएंगे। जिसमें पहला मुकाबला हरियाणा और प्रयागराज के मध्य जबकि दिन का दूसरा मुकाबला ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम के मध्य खेला जाएगा। जबकि रविवार को पूल ए से सेमीफाइनल का पहला मुकाबला नोएडा और दिल्ली के मध्य खेला गया रहम, जिसमें गत वर्ष की उपविजेता नोएडा टीम ने गत वर्ष की विजेता दिल्ली को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब प्रतिदिन पूल बी के मुकाबले खेले जाएंगे। जिसके बाद 12 जनवरी को पूल बी का सेमीफाइनल मुकाबाला खेला जाएगा। जिसके बाद 13 जनवरी को पूल ए की फाइनलिस्ट नोएडा के साथ पूल बी को फाइनलिस्ट भिड़ेगी।

# दुर्घटना में घायल युवक की मौत से गुस्साए परिजनों ने चिकित्सक पर किया हमला पुलिस ने दर्ज किया मामला

छतरपुर।

जिले के बमीठा थाना क्षेत्र में बीती शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक को उसके परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए थे। उक्त युवक की मौत हो जाने के बाद उसके परिजनों ने इमरजेंसी वार्ड के चिकित्सक पर हमला कर दिया जिसके बाद जिला अस्पताल में हड़कंप मच गया। हंगामे की खबर लगते ही एएसपी सहित कोतवाली थाने का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। इसी बीच अस्पताल के सभी चिकित्सकों ने करीब एक घंटे तक काम बंद रखा। बाद में जब कोतवाली थाने में हमलावरों पर मामला दर्ज किया गया, तब चिकित्सक काम पर लौटे।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बमीठा निवासी दिनेश कुमार पुत्र शंकर प्रसाद अवस्थी उम्र 45 वर्ष शनिवार की शाम अपनी बाईक एपी 16 एमजी 7377 से अपने पुश्तैनी गांव ललार जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में तेज रफ्तार कार क्रमांक यूपी 95 बीजेड 9595 ने दिनेश की बाईक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद कार चालक भियांताल मार्ग पर भाग रहा था लेकिन ग्रामीणों ने कार को पकड़कर चंद्रनगर चौकी पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं इस दुर्घटना में दिनेश अवस्थी बुरी तरह घायल हो गया था और उसे बमीठा अस्पताल ले जाया गया लेकिन हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसे तुरंत ही जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन दिनेश को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी कर रहे डॉ. साजिद खान ने जांच के बाद दिनेश को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद ही परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया और वे डॉ. साजिद के साथ गाली-गलौज करने लगे। परिजनों का आरोप था कि चिकित्सक ने ठीक से जांच नहीं की और परिजनों से ठीक से बात भी नहीं की। एक बार किसी तरह परिजनों को चेंबर से बाहर निकाला गया लेकिन कुछ ही समय बाद परिजन भागते हुए फिर से चेंबर में घुस गए और डॉ. साजिद खान के ऊपर हमला कर दिया। हंगामे की खबर लगते ही एएसपी विक्रम सिंह, कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। वहीं डॉक्टर पर हुए हमले से नाराज होकर जिला अस्पताल के तमाम चिकित्सक एकत्रित हो गए और सभी ने सिविल सर्जन डॉ. जीएल अहिरवार को सूचना देकर काम बंद कर दिया। करीब एक घंटे तक चिकित्सक कार्यवाही की मांग करते रहे। जब कोतवाली थाने में आरोपी संजय अवस्थी सहित कुछ अज्ञात लोगों पर पुलिस ने धारा 353, 332, 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया तब जाकर चिकित्सक शांत हुए और अपने काम पर वापिस लौटे।

# प्रसव के बाद नवविवाहिता की मौत परिजन ने लापरवाही का आरोप लगाया



नौगांव।

सिविल अस्पताल में शनिवार को प्रसव के कुछ घंटों बाद महिला की मौत हो गई। गुस्साए परिजन ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही करने के आरोप लगाए। हंगामे के बाद मामले में नायब तहसीलदार सहित प्रशासनिक अमले ने अस्पताल पहुंचकर पंचनामा बनाकर शव का पीएम कराया। मामले में एसडीएम ने बीएमओ से जांच कराने की बात कही है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दौनी गांव की रहने वाली नंदकिशोर कुशवाहा की पत्नी बबलेश कुशवाहा उम्र 21 वर्ष को पेट में दर्द हुआ। परिजन उसे प्रसव के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में महिला को भर्ती कराया गया। जहां उसकी सामान्य डिलेवरी हुई। महिला ने लाड़ली लक्ष्मी को जन्म दिया और यह महिला का पहला प्रसव था। प्रसव के बाद अस्पताल प्रबंधन ने महिला को वार्ड में भर्ती कराया, भर्ती के बाद महिला ने नवजात को दूध पिलाने के बाद अस्पताल से मिलने वाले नाश्ते को किया। जिसके कुछ देर बाद अचानक से महिला को हालत बिगड़ी तो अस्पताल प्रबंधन ने महिला को रैफर कर दिया, लेकिन महिला रैफर होकर छतरपुर जिला अस्पताल जा पाती लेकिन उससे पहले ही महिला की मौत हो गई। महिला की मौत पर परिजनों का आरोप है कि अस्पताल के स्टाफ ने प्रसव के एवज में रुपए की मांग की थी,रूपये न मिलने के कारण अस्पताल में मौजूद स्टाफ के ऊपर लापरवाही करने के आरोप लगाए। मामले की सूचना एसडीएम विशा माधवानी को घटना की जानकारी लगी। उन्होंने तत्काल नायब तहसीलदार सहित राजस्व टीम को अस्पताल भेजा। राजस्व टीम में हरनारायण शर्मा पटवारी शामिल रहे। राजस्व टीम पंचनामा तैयार किया और एसडीएम ने बीएमओ को नोटिस जारी कर पूरे मामले की जांच कर जवाब मांगा है। वहीं थाना नौगांव में जीरो पर मर्ग कायम कर महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया गया शाम को शव परिजनों को सौंप दिया गया।

इस मामले में अस्पताल एम पदस्थ गायनो लोजिस्ट डॉक्टर प्रियंका चौहान का कहना है कि अस्पताल में सुरक्षित प्रसव हुआ है, प्रसव के बाद महिला ने नवजात शिशु को फीडिंग भी कराई महिला ने नाश्ता भी किया, इसके कुछ घंटों बाद महिला की हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर जिला चिकित्सालय रैफर किया, लेकिन रैफर होने से पहले महिला की मौत हो गई। जिसमें बाद परिजन के द्वारा लगाए गए आरोप गलत हैं।

#### इनका कहना है

मैं विकास यात्रा में था। जैसे ही मुझे जानकारी लगी तो मैं अस्पताल पहुंचा। इस मामले में जिसकी भी लापरवाही होगी और जिसने भी पैसे मांगे होंगे उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ. रविंद्र पटेल, बीएमओ**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नौगांव**

#### मामले में जांच के बाद कार्रवाई होगी

तत्काल सबइंस्पेक्टर राजकुमार यादव और एक एएसआई को अस्पताल भेजा। जिन्होंने पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराया और शव परिजन को सौंप दिया है। आगे मामले में जांच के दौरान जो तथ्य सामने आएंगे उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल अभी मर्ग कायम किया गया है।

**सतीश सिंह**
**थाना प्रभारी, नौगांव**

# घर-घर जाकर दिया जा रहा रामलला प्राण-प्रतिष्ठा का न्यौता



छतरपुर।

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। चूंकि यह अवसर संपूर्ण सनातन धर्मावलंबियों के लिए ऐतिहासिक है इसलिए समारोह में शामिल होने का आमंत्रण भी हर देशवासी को दिया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को छतरपुर की बालाजी बस्ती के असाटी मोहल्ला और कड़ा की बरिया क्षेत्र में रहने वाले लोगों को समाजसेवियों ने घर-घर जाकर पत्रक और अक्षत देकर कार्यक्रम का न्यौता दिया। इसके साथ ही समाजसेवियों द्वारा शहरवासियों से 22 जनवरी के निद अपने घरों को सजाने और दीप जलाने का आग्रह भी किया जा रहा है। बालाजी बस्ती के रहवासी गिरजा पाटकर ने बताया कि सबसे पहले धनुषधारी मंदिर में अयोध्या से आए अक्षत कलश को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भालचंद नातू ने समाजसेवी योगेश सिन्हा, दीपेंद्र असाटी, अभिषेक असाटी, पंकज असाटी, बॉबी असाटी, आनन्द भार्गव आदि को सौंपकर घर-घर उनका वितरण करने के लिए रवाना किया। जिल के अन्य इलाकों में भी रामभक्तों के द्वारा अक्षत कलश यात्राएं निकालकर लोगों को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का न्यौता दिया जा रहा है। रविवार को जिले के राजनगर जनपद अंतर्गत आने वाले ग्राम नांद में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के संचालक गोलू यादव ने बताया कि कार्यक्रम के सयोंजक ब्रजेन्द्र यादव थे। कलश यात्रा में शामिल संत समाज, मातृशक्ति, युवा शक्ति, आरएसएस के स्वयंसेवक, विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने ग्राम भ्रमण कर लोगों से समारोह में शामिल होने की अपील की। इसी तरह सटई में भी अक्षत कलश यात्रा निकालकर लोगों को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का न्यौता दिया गया। सटई के बिजारी जू मंदिर से शुरू हुई कलश यात्रा ने संपूर्ण नगर का भ्रमण किया और रैली में शामिल रामभक्तों ने लोगों को अक्षत तथा पत्रक देकर न्यौता दिया।

## खबर संक्षेप

### इलेक्ट्रिक दुकानों में पकड़ा गया वायर का जखीरा

**रीवा ।** रीवा के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र मैं बीती श्याम सिटी कोतवाली पुलिस ने कई इलेक्ट्रिक दुकानों पर छापा मार कार्यवाही करते हुए हैवेल्स कंपनी के नकली तार बरामद किया हैं यह कार्रवाई कंपनी के डिप्टी मैनेजर की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस के द्वारा की गई है थोक व्यापार के रूप में संचालित गोरहा तालाब में स्थित इलेक्ट्रिक दुकान में हैवेल्स कंपनी के नकली तार बेचे जा रहे थे जिसकी शिकायत मिलने पर बीती शाम सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही की जहां से भारी मात्रा में नकली तार बरामद किया गया है बताया जा रहा है कि रीवा के डिप्टी मैनेजर संतोष कुमार सिंह के द्वारा कंपनी के नाम पर हैवेल्स कंपनी के नकली तार बेचने की शिकायत सिटी कोतवाली थाने में की गई मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी को पानी थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे जहां से साइन इलेक्ट्रिक एवं शनि इलेक्ट्रिक दुकानों में छापा मार कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में तार बरामद किया गया है लाल जपती के साथ पुलिस ने न्यू सनी इलेक्ट्रिक के संचालक गुड्डू कृष्णानी,और अमन नामक व्यक्ति को हिरासत में लिया जिसे जानकारी एकत्रित करने के बाद आगे जुड़े आरोपियों की तलाश शुरू की गई है हैवेल्स कंपनी के डिप्टी मैनेजर संतोष कुमार सिंह की शिकायत के बाद हुई कार्यवाही के बाद व्यापारियों में हड़कंप की स्थिति निर्मित है माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में अन्य कई दुकानों पर कार्यवाही की गाज गिर सकती है।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दम्पति घायल

**मऊगंज।** जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले देवीपुर भरिगवां पहुंच प्रधानमंत्री मार्ग पर नरैनी गांव के पास रविवार की शाम एक ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए विपरीत दिशा से आ रही बाइक को ठोकर मार दिया। जिससे बाइक चालक दम्पति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल पति पत्नी को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी में भर्ती कराया गया है।सड़क दुर्घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार 7 जनवरी की दोपहर बाद नईगढ़ी थाना क्षेत्र के नरैनी गांव के पास प्रधानमंत्री मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से आ रही बाइक को ठोकर मार दिया। जिससे बाइक सवार दंपति प्रकाश साहू पिता शिव शंकर साहू उम्र 25 वर्ष निवासी करह उर्फ खैरागढ़ थाना शाहपुर जिला मऊगंज एवं उसकी पत्नी गीता साहू पति प्रकाश साहू उम्र 19 वर्ष घायल हो गए। घायल पति पत्नी को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी में भर्ती कराया गया। जहां समाचार लिखे जाने तक चिकित्सकों की देखरेख में दोनों घायलों का उपचार चल रहा था।

### मकर संक्रांति मेला लगाने की उठाई मांग

**रीवा ।** विगत 20 वर्षो से प्रतिवर्ष मकर संक्रांति मेला लगाने की समस्या जिला प्रशासन के सामने आती है। प्राचीन मेला स्थल झिरिया में मैरज गार्डेन बन जाने के कारण गत वर्षो में कई मेला स्थल बदलते रहे है। वर्तमान में करहिया घाट बन जाने से वहॉ मेला लगाने पर्याप्त स्थान उपलब्ध होने एवं रीवा नगर के विस्तार होने के कारण इस वर्ष वहॉ मकर संक्रांति मेला लगाये जाने की मॉग हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवार के संरक्षक नारायण डिगवानी ने जिला प्रशासन से की है। आगामी 14-15 जनवरी को लगने वाले मेरे के लिये जिला प्रशासन से जल्द निर्णय करने स्थान सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। श्री डिगवानी ने बताया कि मकरसंक्रांति मेला के लिये स्थान चयन प्रक्रिया भविष्य को ध्यान में रख कर करने की आज जरूरत है, वैसे सिविल लाइन्स पार्क का भी मेले के लिये उपयोग किया जा सकता है। उपरहटी किला में मेला प्रांगण में सबसे ज्यादा पार्किंग की समस्या होती है एवं संकीर्ण मार्ग होने के कारण जाम लगता है। करहिया घाट का उपयोग दीर्घकालीन चलेगा।

# रॉयल राजपूत संगठन ने नशा मुक्त को लेकर निकाली चेतना रैली

## मेधावी छात्रों एवं खिलाड़ियों का किया सम्मान








रविवार के दिन रॉयल राजपूत संगठन द्वारा नशा मुक्ति को लेकर विशाल जन चेतना रैली निकाली गई। नव नियुक्त पदाधिकारी रैली के आकर्षक बने रहे। रैली शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए मानस भवन पहुंची, जहां संरक्षको द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये।

रीवा

साथ ही नशा एंव दहेज का विरोध किये जाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में रॉयल राजपूत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह संजू, राष्ट्रीय महामंत्री बृजेश सिंह पिंकू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एड. राजीव सिंह शेरा सहित रॉयल राजपूत संगठन के संरक्षक शत्रघुन सिंह, प्रखर प्रताप सिंह, देवेंद्र सिंह देउर, विजय सिंह बघेल डढिय़ा उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रदेश प्रवक्ता राजनारायण सिंह ने किया, साथ ही समाजसेवी विकास सिंह मझियार ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संरक्षक शत्रुघन सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पद पाना गरिमा की बात है लेकिन पदों के दायित्वों का निर्वहन करना उससे भी बड़ी बात है। संरक्षक शत्रुघन सिंह ने नव नियुक्त समस्त पदाधिकारियों को अभिनंदन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस दौरान युवा नेता प्रखर प्रताप सिंह ने कहा कि हार से हाताश होना बुजदिली है हार से सीख लेने की जरुरत होती है।

### संगठन को मजबूत बनाने 22 पदों पर हुई नियुक्ति

रॉयल राजपूत संगठन कई राज्यों में फैल चुका है, जहां क्षत्रिय समाज को एकत्रित कर समाजहित में कार्य किये जा रहे है। रीवा में संगठन को मजबूत करने नव नियुक्त पदाधिकारी बनाये गये है। राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सहित संरक्षक मंडल ने जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह परिहार बबलू, जिला उपाध्यक्ष रिंकू ङ्कूषसह गहरवार, जिलाध्यक्ष ग्रामीण शिव सिंह तोमर, जिला उपाध्यक्ष ग्रामीण पुष्पेंद्र सिंह बंटू, जिला प्रभारी संजीव सिंह बघेल, जिला सह संयोजक दद्दू सिंह बघेल, जिला सह जनसंपर्क अनिल सिंह गहरवार, जिला सदस्यता प्रभारी विनय सिंह बघेल, बेला मंडल अध्यक्ष राजा सिंह बघेल,जिला महासचिव अमित सिंह, बेला मंडल महासचिव मोहित सिंह, बेला मंडल आईटी सेल शिवपाल सिंह, बेला मंडल उपाध्यक्ष मनीष सिंह, बेला मंडल प्रभारी दिवाकर सिंह, बेला मंडल मंत्री सत्यम सिंह, नगर कोषाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह झिरिया, नगर सह सचिव अनंतपाल सिंह भरतपुर, जिला सह प्रभारी आर्मी बिग्रेड मोहन सिंह, जिला मंत्री आर्मी बिग्रेड बृजेंद्र सिंह, जिला सह सचिव आर्मी बिग्रेड नरेश सिंह एवं नगर जन संपर्क प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह सेंगर को चयन किया गया है।

### क्षत्रिय समाज को गौरावान्वित करने वाले युवक, युवतियां हुई सम्मानित

रॉयल राजपूत संगठन द्वारा क्षत्रिय समाज को गौरान्वित करने वाले युवक एंव युवतियों को रीवा महाराज स्व. मार्तण्ड सिंह जू देव की स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में आर्मी के आरवीसी कोर में नियुक्त देश की प्रथम महिला कैप्टन डॉ. जागृति सिंह की अनुपस्थिति में उनके पिता सेनि. कैप्टन जगत बहादुर सिंह माता अनीता सिंह, इसी प्रकार ग्राम पलिया 352 निवासी पीएससी में नव नियुक्त उद्योग प्रबंधक शैलजा सिंह की अनुपस्थिति में उनके पिता समयराज सिंह को सम्मानित किया गया। इनके साथ ही कांग्रेस नेता प्रदीप सिंह बब्बू निवासी टिकरी डभौरा की पुत्री मधुलिका सिंह को रीवा एंव शहडोल संभाग के अंदर इंजीनियरिंग बीटेक में प्रथम स्थान पाने पर, बिहार पीएससी से राजनीति शास्त्र में प्रोफेसर में नियुक्त दीपा सिंह पिता सूर्य प्रताप सिंह तथा खेल जगत में राज्य स्तरीय गोल्ड मैडल विजेता रितिमा सिंह पिता बृजेश सिंह और गोल्ड मैडल के साथ ही सिल्वर मैडल एवं ब्रांज मैडल विजेता वरुण प्रताप सिंह सेंगर (ओम) पिता वीरेंद्र सिंह सेंगर (बबली) पत्रकार को सम्मानित किया गया।

### थाना प्रभारी अमहिया को किया गया सम्मानित

रॉयल राजपूत संगठन द्वारा अमहिया थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर को सम्मानित किया गया। बताते चले कि थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर की धर्म पत्नी रोशनी सिंह पुलिस विभाग में उप निरीक्षक के पद होते हुए पीएससी की तैयारी करती रही। वर्ष 2019 के पीएसपी में उनका चयन सहायक उद्योक प्रबंधक के पद पर हुआ। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती रोशनी सिंह रीवा में न होकर भोपाल में रही, उनकी अनुपस्थिति में उनके पति थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर को सम्मानित किया गया।

# अतरैला मुख्य बाजार में शराबियों के हुड़दंग से परेशान आम जनमानस



यात्री प्रतीक्षालय बना शराबखोरी का अड्डा

रीवा !

जिले के अतरैला थाना अंतर्गत स्थित बाजार में शराबियों के आतंक से आम जन मानस काफी परेशान और भयभीत हैं। शाम होते ही नशे में धुत शराबी राह चलते लोगों के साथ न सिर्फ बदतमीजी करते हैं बल्कि उन्हें भद्दी-भद्दी गालियां भी देते हैं। यही नहीं नशे में धुत शराबी किसी शरीफ के दरवाजे पर पहुंचकर उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। शराबियों के आतंक से लोगों का राह चलना विशेषकर महिलाओं का घर से बाहर निकालना कठिन हो गया है। समाजसेवी व रिटायर कर्मचारी ने बताया कि अतरैला पुलिस से शिकायत करने का कोई लाभ नहीं। थाने पर शिकायत करने पर थाना पुलिस 100 नंबर पर शिकायत करने को कहती है और 100 नंबर पर शिकायत करने पर पुलिस तो आती जरूर है लेकिन शराबियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं करती, बल्कि उन्हें ले जाकर थोड़ी दूरी पर छोड़ देती है। फिर वहां से लौटने पर वे शिकायतकर्ता के दरवाजे पर पहुंच कर आशोभनिय शब्दों का प्रयोग करते हैं बकने शराबियों के उपद्रव से पूरे अतरैला बाजार का माहौल अत्यंत खराब हो चला है। वही पुलिस खुलेआम शराब पीने वाले और शराबियों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित दिखाई दे रही है।

# 15 आल इंडिया (पर्यटन यान) बसों पर की गई कार्रवाई

रीवा

**रीवा।** परिवहन विभाग द्वारा रीवा से चलने वाले पर्यटन यानो के विरुद्ध जाँच अभियान चलाया गया। जिसमें रीवा बाइपास हनुमना चाकघाट पर विशेष रूप से इनको रोककर इनके दस्तावेजो की जाँच की गई। इन पर्यटन यानो में मुख्यतः यह देखा गया की बसों में दो चालक है कि नहीं,यात्रियों का क्षमता से अधिक परिवहन तो नहीं किया जा रहा है।बसों में आपातक़ालीन द्वार अग्निशमन यंत्र फ़स्टेड बॉक्स की भी जाँच की गई। परिवहन विभाग के द्वारा इन बसों को सुबह 5 बजे भोर से रोककर चेक किया गया और इनके चालको को विशेष रूप से मौजूदा स्टाफ़ ने यह समझाइस दी की आप लोगो के द्वारा बसो का रात्रि में परिवहन किया जाता है और मार्ग पर इस समय कोहरा बहुत है अतः आप सब लोग दुर्घटनाओं से




बचे।जाच के दौरान 15 पर्यटन यानो पर परमिट शर्तो का उल्लंघन करते पाए जाने के कारण चालानी कार्यवाही की गई।इसके पहले भी कलेक्टर महोदय रीवा के आदेशानुशार परिवहन विभाग द्वारा नये और पुराने बस स्टैंड पर जा कर आल इंडिया बसों के साथ फ़र्जी ट्रैवल्शो पर नगर निगम और पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर कार्यवाही की गई थी और उनके बोर्ड काउंटर कुर्सी बैनर आदि जप्त कर नगर निगम रीवा के सुपुर्द किया गया था। आज की कार्यवाही माननीय कलेक्टर महोदय रीवा और मऊगंज के आदेशानुशार आर टी ओ रीवा के निर्देशन में परिवहन सुरक्षा स्क्वाड प्रभारी और हनुमना चेकपोस्ट प्रभारी के द्वारा की गई इन बसों पर चालानी कार्यवाही से 73600 रुपये का राजस्व वशूल किया गया।

# लक्ष्मी वेयर हाउस गोविंदगढ़ में नागरिक आपूर्ति विभाग के पर्यविक्षक ने जांच के दौरान पकड़ी व्यापारी की धान

### जांच में सिद्ध होने के बावजूद बिना कार्रवाई किए वापस लौटा जांच दल

रीवा !

जिले के गोविंदगढ़ संचालित धान उपार्जन केंद्र लक्ष्मी वेयर हाउस बांसा में केंद्र गोविंदगढ़ क्र. 1 का आकस्मिक निरीक्षण नागरिक आपूर्ति निगम पर्यवेक्षक जांच दल द्वारा किया गया जांच के दौरान अत्यधिक मात्रा मे अंकुरित धान उपार्जन पकड़ी जो प्रभारी व सहायक समिति प्रबंधक अनिल चतुर्वेदी द्वारा क्रय की गई थी पूछताछ के दौरान किसान की भेष में आए व्यापारी से किसान कोड पूछा गया किंतु व्यापारी किसान कोड बताने में असमर्थ रहा जिससे जांच दल ने समस्त धान को निरस्त कर दिया राजनीतिक व समित प्रबंधक के दबाव पर जांच दल वहां से वापस लौट गया और खानापूर्ति के लिए नोडल अधिकारी को जांच सौंप दी गई(




### पूर्व में हो चुकी कार्रवाई

ये पहला मामला नहीं है पूर्व में भी गोविंदगढ़ सामित प्रबंधक अनिल चतुर्वेदी के खिलाफ ऐसी कार्रवाई व 420 जैसे गंभीर मामला गंभीर मामला गोविंदगढ़ थाने में दर्ज है केंद्र प्रभारी अनिल चतुर्वेदी द्वारा पूर्व में भी वर्ष 2018 में नॉन एफ.ए. क्यू. का गेहू खरीदी करने के कारण भोपाल से आई हुई टीम द्वारा जांच कर कलेक्टर रीवा को एफ.आई.आर.करने का प्रतिवेदन दिया गया था जिसमे कलेक्टर रीवा द्वारा पुनः जांच कराकर एफ.आई.आर .कराई गई थी । व अनिल चतुर्वेदी के लिए आदेशित किया गया था कि भविष्य में कभी भी अनिल चतुर्वेदी को उपार्जन प्रभारी न बनाया जाए व संस्था चतुर्वेदी के विरुध्द कार्यवाही करें हर वर्ष अपर कलेक्टर द्वारा अनिल चतुर्वेदी से खरीदी प्रभारी बनाकर खरीदी न कराए जाने के लिए एक पत्र भी जारी किया जाता है जिससे साफ सिद्ध होता है सहकारिता विभाग द्वारा सभी नियमों व आदेशों को दर किनारे रखकर व्यापारियों को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने के लिए अनिल चतुर्वेदी को खरीदी प्रभारी बनाकर धान की खरीदी कराई जाती।

# कलेक्टर की पहल पर घायल बैल का हुआ उपचार

मऊगंज

जिले के कलेक्टर अजय श्रीवास्तव का गौवंशीय पशुओं को लेकर काफी संवेदनशील दिख रहे हैं। जनपद पंचायत मऊगंज की ग्राम पंचायत अमोखर में अज्ञात लोगों ने खेत में घुसने के कारण गौवंशीय पशु बैल के दो पैर तोड़ दिए थे।जिसकी सूचना ग्रामीणों ने कलेक्टर अजय श्रीवास्तव को दी। सूचना मिलते ही कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने संबंधित विभाग के अधिकारियों समेत पशु चिकित्सा अधिकारी को बैल के उपचार हेतु निर्देशित किया ।जिसके बाद डाक्टरों की टीम ने अमोखर गांव पहुंचकर घायल बैल का उपचार किया। उपचार के बाद घायल बैल के स्वास्थ्य में सुधार बताया जा रहा है । ग्रामीणों ने कलेक्टर अजय श्रीवास्तव को धन्यवाद ज्ञापित किया है।



# मऊगंज एसपी वीरेंद्र जैन इंडक्शन ट्रेनिंग में जाएंगे

### रीवा एसपी को मऊगंज का प्रभार

मऊगंज



जिले के पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन 8-1- 2024 से 16- 2 -2024 तक एनपीए हैदराबाद मे आयोजित होने वाले 45वे IPS इंडक्शन ट्रेनिंग के लिए नामांकित किया गया है। उनके प्रशिक्षण अवधि मे कार्य देखने हेतु विवेक सिंह पुलिस अधीक्षक रीवा को प्रस्तावित किया गया है।

# तराई अंचल से निकल रही अज्ञात लाशें

### आखिर कातिल कौन?

रीवा !

पसोपेश में जिले की पुलिस बीते दो दिनों से तराई अंचल में खौफ का साया फैला हुआ है। लगातार लाशें निकल रही जिनकी कोई शिनाख्त नहीं हो पा रही है। पुलिस इस पसोपेश में है कि आखिर वारदात को अंजाम कौन दे रहा है और ये लाशें कहां से आ रही और किनकी है? पुलिस इन सवालों का जबाव तलाशने गली-गली भटक रही है लेकिन कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग रहा है। पुलिस का सायबर तंत्र भी शातिर कातिल के आगे फेल होता नजर आ रहा है। एसपी से लेकर तराई अंचल में बैठे एसडीओपी सहित थाना कातिल की तलाश में हवा में तीर चला रहे है, लेकिन पुलिस की तरकश से निकला कोई भी तीर ठिकाने में नहीं लगा। पुलिस लाशों की शिनाख्ती को लेकर उलझी है और कातिल लाशें फेकने में मशगूल है। शुक्रवार की रात जनेह थाना के गढ़ी चौकी अंतर्गत घटेहा जंगल में एक लगभग 27 साल की महिला की लाश मिली। शव को देखकर ऐसा लगता था कि वह अपने किसी परिचित के ही साथ यहां तक पहुंची और उसी परिचित ने गला घोंट कर हत्या कर दी। पुलिस आशंका जता रही थी कि महिला की हत्या प्रेम प्रसंग के चलते उसके प्रेमी ने की और महिला की शिनाख्ती की डोर से पुलिस कातिल तक पहुंचने का रास्ता तलासती रही। लेकिन कातिल इस कदर चालाक निकला कि महिला को ऐसे स्थान पर लाकर मौत के घाट उतारा कि दूर-दूर तक उसे कोई पहचान न सका। पंप लेट एंव अन्य तरीके से पुलिस महिला की शिनाख्ती पर लगी रही कि रविवार की सुबह सोहागी थाना क्षेत्र के ग्राम अंजोरा से निकलने वाली टमस नदी में एक तीन साल की फूल सी बच्ची का शव पानी में तैरते हुए दिखाई दिया। नाविकों ने पुलिस की मदद से शव को नदी से बाहर निकाल लिया। बच्ची का पहनावा देखकर इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि बच्ची तैयार होकर अपनी मां के साथ ही घर से निकली होगी। बच्ची की हत्या गला दबाकर की गई या नदी में फेंक इस बात का खुलासा पीएम रिपोर्ट आने पर ही होगा। बच्ची के शव की शिनाख्त न होने पर पुलिस फिलहाल घटेहा जंगल में मिली महिला की लाश से जोड़ कर देख रही है।